**खबर संक्षेप**

### मदिरा दुकानों का लॉटरी के माध्यम से निष्पादन की तिथियां निर्धारित

**शहडोल।** जिला आबकारी अधिकारी शहडोल ने जानकारी दी है कि जिले में वर्ष 2025-26 हेतु मदिरा दुकानों के एकल समूहों का लॉटरी के माध्यम से निष्पादन हेतु कार्यक्रम एवं तिथियां निर्धारित की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीनीकरण के आवेदन पत्र रहित दुकानों के एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदकों को ऑफलाईन एवं आनलाईन दोनों माध्यमों से जिला आबकारी कार्यालय से 22 फरवरी 2025 से प्रातः 10 बजे से 27 फरवरी 2025 को दोपहर 01:30 बजे तक लॉटरी आवेदन पत्र क्रय कर सकते हैं। इच्छुक पात्र आवेदकों द्वारा ऑफलाईन एवं आनलाईन दोनों माध्यमों से लाटरी आवेदन पत्र जिला आबकारी कार्यालय शहडोल में 22 फरवरी 2025 से प्रातः 10 बजे से दिनांक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं एवं 27 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रट शहडोल में कार्यवाही पूर्ण होने तक नवीनीकरण हेतु प्राप्त तथा प्रस्तुत लॉटरी आवेदन पत्रों का जिला समिति द्वारा परीक्षण करने खोलने एवं निराकरण कार्यक्रम किया जाएगा।

### बिना अनुमति डीजे बजाने पर हुई कार्यवाही, वाहन एवं डी.जे. जप्त



**शहडोल।** 24 फरवरी को कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि कस्बा भ्रमण के दौरान पुरानी बस्ती में बिना नम्बर के पिकअप वाहन बीच रोड में आवागमन को बाधित करते हुए रात्रि 11.30 बजे प्रतिबंधित समय के बाद भी तेज ध्वनि से डी.जे. बजा रहा था। वाहन चालक से पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश गुप्ता पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम करूआ का होना बताया। पुलिस द्वारा वाहन चालक से वाहन एवं डी.जे. बजाने के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिससे चालक का उक्त कृत्य कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करना पाया गया। जिससे आरोपी सुरेश गुप्ता के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट एवं बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उक्त वाहन, जनरेटर एवं डी.जे. साउण्ड को जप्त कर थाना परिसर सुरक्षार्थ किया गया है।

### राज्यपाल के प्रवास के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

**कटनी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के 27 फरवरी को कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कोठी में प्रवास के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई गई है।

# कलेक्टर रेट कर्मचारी जिला अधिकारियों पर भारी

## वेतन बंद होने पर भी चिपका है कुर्सी से, नहीं दे रहा प्रभार

शहडोल।

जिला पंचायत का एक अदना सा गैरसरकारी कर्मचारी आज इस कदर हावी है कि उसके सामने जिला पंचायत सीईओ जैसे आका का आदेश भी पंगु होकर रह गया है। यह किस्सा है जिला पंचायत के उस कंप्यूटर आपरेटर का जिसे कलेक्टर रेट पर रखा गया था। नवंबर 2024 में सीईओ ने कार्यालयीन कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने और अंदरुनी शिकायतों को समाप्त करने के लिए जितेन्द्र मिश्रा व नियमित कर्मचारी कोरी बाबू सहित कई कर्मचारियों को इधर से उधर कर दिया था। इस फेरबदल का जितेन्द्र मिश्रा ने आज तक पालन नहीं किया है। उसके द्वारा अनुशासनहीनता करने के बाद भी उसे नौकरी से नहीं हटाया जा रहा है। यह स्थिति राजनीतिक संरक्षण के कारण उत्पन्न हो रही है। वह स्वयं को डिप्टी सीएम का रिश्तेदार बता कर व स्थानीय विधायक से अपनी प्रगाढ़ता कायम कर सब पर रौब गालिब करता है। चिंताजनक यह भी है कि प्रशासन तंत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप बढने से इस तरह की विडम्बनाएं उत्पन्न होने लगीं हैं।







### नहीं दे रहा प्रभार

बताया जा रहा है कि फेर बदल के बाद जिस आपरेटर को जितेन्द्र मिश्रा की जगह कार्य सौंपा गया है उसे जितेन्द्र मिश्रा द्वारा प्रभार ही नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर रेट के इस कर्मचारी की हठधर्मिता के कारण सीईओ के आदेश का महीनों से पालन नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि सीईओ द्वारा उसका वेतन बंद कर दिए जाने के बावजूद वह कार्यालय आता है और कंप्यूटर के माध्यम से होने वाले काम काज आज भी कर रहा है। वह सीईओ के आदेश के विरुद्ध काम काज निपटा रहा है। जितेन्द्र मिश्रा की यह जबर्जस्ती प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### श्री कोरी हो गए निलंबित

जब कार्यालयीन फेर बदल हुआ तो श्री कोरी लिपिक ने अपना प्रभार देने में करीब 10 दिन का विलंब कर दिया था। इस पर एक्शन लेते हुए सीईओ ने उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। लिपिक ने चाहे जिन कारणों से विलम्ब किया हो उन्हे तो दण्डित कर दिया गया। लेकिन कलेक्टर रेट के कर्मचारी को केवल वेतन बंद कर के छुट्टी पा ली। जबकि उसकी अनुशासनहीनता इस स्तर की है कि उसे नौकरी से हटा दिया जाना चाहिए और जबर्जस्ती उससे प्रभार छीन लेना चाहिए। लेकिन प्रशासन उसकी मंशा का मोहताज है, उसकी मर्जी वह प्रभार दे या नहीं दे। ऐसा क्यों हो रहा है?

### जमकर पीट रहा पैसा

कुर्सी से मोह इसलिए है क्योंकि पंचायतों को वितरित होने वाले डीएमएफ मद में इसके द्वारा पंचायतों से कमीशन सेट करके रखा गया है। बताते हैं कि करोड़ों रुपए का आवंटन होता है, इसमें प्रति पंचायत इसने 10 फीसदी का रेट तय कर रखा है। अब तक इसके द्वारा लाखों रुपए पीटे जा चुके हैं। यही मोह उसे कुर्सी से छिटकने नहीं दे रही है। इसका आचरण भी कर्मचारियों के प्रति काफी आक्रामक रहता है और आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। सीईओ ने इसे हटाना जरूरी तो समझा लेकिन उनकी चल नहीं पा रही है। इसकी हठधर्मिता उन्हे भी चुनौती दे रही है। जब जितेन्द्र मिश्रा सीईओ को चुनौती दे सकता है तो फिर अन्य कर्मचारी उसके सामने ठहरते ही कहां है।

### विधायक का फोन आया था

एक जानकारी यह भी है कि पूर्व सीईओ हिमांशु चंद्रा ने तो जितेन्द्र मिश्रा के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश दे दिया था, साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर इसे हटाया भी गया था, लेकिन उसी समय डिप्टी सीएम के पीए का फोन आया और विधायक ने भी फोन करके सिफारिश की थी। तब से यह उसी कुर्सी पर बना रहा, इसके बाद दूसरे सीईओ ने उसे फेरबदल के नाम पर हटाया तो वह जा ही नहीं रहा है। इस तरह के उदाहरण प्रशासन की छवि को धूमिल करते हैं।

## शहर में बढ़ता जा रहा नशे का जहरीला कारोबार

**शहडोल।** सस्ते और सुलभ नशे का कारोबार जिला मुख्यालय में सिर चढक़र बोल रहा है। सूखे नशे की लत में युवाओं का भविष्य अंधकार में पहुंच रहा है और आबकारी और पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। शहर में युवाओं को हरी और काली पुडिय़ों में गांजा परोसा रहा है। नशे की ऐसी लत लग चुकी है कि सुबह से ही युवा नशेडिय़ों के घरों की परिक्रमा करते नजर आते हैं। सब कुछ स्पष्ट होते हुए भी पुलिस गांधी जी के तीन बंदर बनी हुई है। नशे का यह जहरीला कारोबार दिनों दिन शहर में बढ़ता ही जा रहा है। इसका थोक व्यापार करने वाले बड़ी आसानी से इसे खपाते हुए फुटकर विक्रेताओं तक पहुंचा रहे हैं। जिसके बाद नशेड़ी इसे खरीद कर सेवन करते हैं। एक अनुमान के मुताबिक शहर में कई मोहल्ले क्षेत्र गांजा की बिक्री के लिए बुरी तरह बदनाम हो चुके है, जहां खुले आम मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त का काम दिन-रात किया जाता है। कईबार इस संबंध में स्थानीय संभ्रांत नागरिकों द्वारा शिकायत किए जाने पर इस धंधे में लिप्त आपराधिक तत्वों द्वारा उनके साथ मारपीट भी कर दी जाती है। इसी कारण से आम जनता इनका विरोध नहीं कर पाती है। शहर की अब एक नई पहचान भी बनती जा रही है। शहर के कई मोहल्लों में सूखा नशा यानि गांजा आसानी से उपलब्ध है। आलम यह है कि शहर के किसी मोहल्ले में चले जाइये, यह नशा थोड़ी सी मशक्कत के बाद आसानी से मिल जाएगा। जानकारों की मानें तो इस कारोबार का हर रोज का टर्नओवर लाखों रुपये का है। मोटे मुनाफे और कैश के इस धंधे में मिलावटखोर भी सक्रिय हो चुके हैं। नशे का यह कारोबार सबसे ज्यादा युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। नगर में कई गांजा की लत का शिकार हो चुके है, जो हर संभव प्रयास कर नशा करने के लिए गंभीर अपराधों को भी अंजाम देने से नही चूकते हैं। इसके अलावा शहर में अवैध शराब का व्यापार की जमकर किया जा रहा है।

## रुद्राभिषेक करने शिवालयों में भीड़, हर हर महादेव के जयकारे

## हर्षोल्लास से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व

शहडोल।

नगर में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति भाव व हर्षोल्लास से मनाया गया। सूर्योदय काल से ही प्रसिद्ध शिवालयों व प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी था। लोगों ने दूध, दही, घी, शहद, चंदन, चावल से भगवान महादेव का रुद्राभिषेक किया और हर हर महादेव के जयकारे लगाए। बताया गया कि शिवरात्रि को शिव-पार्वती के विवाह का पर्व माना जाता है। लोग खुशियां मनाने भांग की शर्बत का सेवन कर नृत्य-गान करते हैं। बांणगंगा स्थित विराट मंदिर, बूढ़ी माई स्थित शिव मंदिर, घरौलानाथ जी हनुमान मंदिर, मोहनराम मंदिर, बुढ़ार रोड गणेश मंदिर, विराटेश्वरी माता मंदिर आदि प्रमुख मंदिरों में भक्तों की कतार लगी देखी गई। घरो में भी लोगों ने व्रत रखकर बाबा भोलेनाथ की भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर उनका अभिषेक किया। बस्तियों के शिवालयों में भजन कीर्तन और रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुछ मंदिरों में सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें भगवान शिव के दिव्य चरित्र की चर्चा की गई। चर्चा में भगवान के विवाह से लेकर उनके विषपान तक के प्रसंगों का वर्णन किया गया। बताया गया कि भगवान सृष्टि के कल्याण के लिए हलाहल विष को अपने गले में धारण कर लिया था। हमें स्नान के बाद रोजाना शिवलिंग पर जल चढ़ाना चाहिए, इससे भगवान के गले को शीतलता मिलती है। भगवान शिव परम कृपालु औघड़ दानी है। वे भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। नगर के कई मंदिरों व कई स्थानों पर भण्डारे का आयोजन कर भगवान का प्रसाद वितरित किया गया। जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया।





## महाशिवरात्रि पर 165 गुमशुदा मोबाइल फोन का वितरण

## मोबाईल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर आई मुस्क्ान

शहडोल।

26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 165 गुमशुदा मोबाईलों को बरामद कर उनके वास्तोविक स्वालमियों को लौटाते हुए महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई है। वर्तमान समय में मोबाइल फोन प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह न केवल दूरस्थ निवासरत अपनों से संवाद स्थापित करने में सहायक होता है, बल्कि इसमें सहेजे गए चित्र और व्यक्तिगत जानकारियां भी उपयोगकर्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। ऐसे स्थिति में जब मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो व्यक्ति अत्यधिक परेशान हो जाता है।‹महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा शहडोल वासियों को 165 गुमशुदा मोबाइल फोन्स सौंपे गए, जिससे उनकी खोई हुई खुशियां पुनः लौट आईं। पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर सेल शहडोल को मोबाईल गुमने से संबंधित प्राप्ति होने वाली शिकायतों और उन पर की जा रही कार्यवाहियों पर सतत रूप से मॉनीटरिंग कर मोबाईल बरामद करने के हरसंभव प्रयास करने हेतु निर्देश दिये गए हैं। उल्लेखनीय है कि शहडोल सायबर क्राइम सेल द्वारा लगातार गुमशुदा मोबाइल फोन्स को खोजने का कार्य किया जा रहा है। रिकवरी किए गए मोबाईल फोन्स को जिले के विभिन्न थानों, अन्य प्रदेशों एवं अन्य जिलों से लाकर शीघ्र ही संबंधित व्यक्तियों को सौंपा जाएगा। मोबाईलों को वापस पाकर आए हुए आवेदकों के चेहरे पर मुस्कीान आई और इस कार्यवाही के लिए उन्हों ने शहडोल पुलिस को धन्यपवाद ज्ञापित किया। शहडोल के आम जनमानस से अपील हैं कि अपने मोबाईल फोन को सुरक्षित रखे एवं यदि किसी व्यक्ति को गिरा/पड़ा हुआ मोबाईल फोन प्राप्त होता हैं तो उक्त मोबाईल फोन को अपने नजदीकी पुलिस थाना या सायबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा करें जिससे गुमशुदा मोबाईल फोन धारक को दिया जा सकें। इस महत्वपूर्ण कार्य में सायबर सेल के आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रकाश द्विवेदी, हिमवन्त चन्द्र मिश्रा, केशव धाकड़ एवं महिला आरक्षक श्रीदेवी सिंह की भूमिका रही है।




## शिक्षा एवं शोध पर डॉ. अर्जुन का इक्कीसवां विश्व रिकॉर्ड, रचा इतिहास

**4 वर्षो में बनाए 21 रिकाड्र्स, इंडिया बुक, एशिया बुक, वल्ड बुक, हार्वर्ड बुक, इंटरनेशनल बुक में दर्ज हुआ नाम**

शहडोल।

इंडियन टेलीविजन्न व बॉलीवुड द्वारा सम्मानित, शासकीय होम साइंस कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग में शिक्षण सेवा दे रहे डॉ. अर्जुन शुक्ला ने शोध व शिक्षा में इंडिया व एशिया बुक के बाद विगत 4 वर्षों में 21 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर विश्व कीर्तिमान स्थापित कर लिए, 17 मार्च 2021 को सर्वाधिक सम्मान के लिए वल्ड बुक ऑफ़ रिकाड्र्स लंदन से डॉ. अर्जुन ने पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया जिसमें प्रसिद्द पाश्र्व गायक उदित नारायण एवं गीतकार समीर अंजान ने सम्मानित किया। इसके बाद सर्वाधिक संस्थान से सम्बद्ध, वैज्ञानिक अनुसंधान जागरूकता, सर्वाधिक शोध कवरेज, सर्वाधिक शोध पत्र-पत्रिका लेखन, सर्वाधिक पुस्तक एवं सर्वाधिक शोध प्रस्तुतीकरण जैसे कई शोध-शिक्षण गतिविधियों पर आज सबसे कम समय में सबसे ज्यादा विश्व रिकाड्र्स बनाने के साथ डॉ. अर्जुन हार्वर्ड वल्ड रिकॉर्ड में 05 बार, इंटरनेशनल बुक ऑफ़ रिकाड्र्स में 04 बार अपना नाम दर्ज करा चुके है। डॉ. अर्जुन ने 105 से ज्यादा शोध पत्र, 125 शोध सार, 18 आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पुस्तक, 30 राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका व 20 पुस्तक अध्याय का सफल लेखन भी कर चुके है। एक शानदार अकादमिक करियर पर आपको देश विदेश से लगभग 05 रत्नो के साथ 125 से ज्यादा सम्मान प्राप्त हो चुके है। डॉ. अर्जुन को भारत श्री, भारत भूषण, शिक्षा रत्न, पर्यावरण श्री, फेम आइकन अवार्ड, पर्यावरणविद् सम्मान एवं द गोल्डन स्टार आइकन अवार्ड जैसे कई सम्मान से विभूषित किया जा चुका है। डॉ. अर्जुन कहते है कि संघर्ष से पीछे मत भागिए क्योकि भविष्य में जब आपकी कथानक लिखी जाएगी तो और बेहतर होगी ।



# महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने की शिव आराधना

# मन्दिरो सहित प्रमुख स्थलों पर हुआ भंडारा

उमरिया।

महाशिवरात्रि हिंदू धर्म को मानने वालों का प्रमुख धार्मिक त्यौहार है। यह पर्व फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। आज बुधवार को जिला सहित समूचे शहर में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धाभक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि को लेकर पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। हर-हर महादेव के जयकारे से शिव मंदिर और शिवालय गूंज उठे वहीं मंदिरों में एक दिन पूर्व से ही पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गयी। आज महाशिवरात्रि के अवसर पर शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी धूमधाम से शिव पार्वती विवाह महोत्सव मनाया।

जिला मुख्यालय स्थित श्री सागरेश्वरनाथ सगरा मन्दिर, मढ़ीवाह शिव मंदिर, उमलेश्वरनाथ शिव मंदिर बहरा धाम, पिपलेश्वरधाम शिव मंदिर सहित भोलेनाथ की मंदिरों में प्रातःकाल से ही भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। शहर के सगरा मन्दिर में सुबह से ही महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पूजा अर्चना के दौरान भोलेनाथ के चरणों मे बेलपत्र, फल फूल, मिष्ठान, विभिन्न प्रकार के पकवान व श्रीफल अर्पित कर मनोकामना पूर्ण करने आराधना की गई। पर्व के अवसर पर शहर के मंदिरों में अनेकों धार्मिक अनुष्ठान सम्पादित किये गए। इसके अलावा मंदिरों सहित प्रमुख स्थलों पर विशेष प्रकार का भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें लोगो ने बढ़चढक़र हिस्सा लिया और पुण्यलाभ अर्जित किया। ज्ञात हो कि शिव मंदिरों में देर रात तक भक्तों ने पूजा अर्चना की।

### सज-धज के भगवान भोलेनाथ की निकली बारात

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव भक्तों द्वारा स्थानीय शिव धाम से सायंकाल भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। भगवान शिव की बारात में विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकी सजाई गई थी। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रणविजय चौक, गांधी चौक, जयस्तंभ चौक, रेल्वे स्टेशन चौक से सगरा मन्दिर पहुँची। जहां श्रद्धाभक्ति व धूमधाम से भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया गया। ज्ञात हो कि भगवान भोलेनाथ की बारात में महादेव जी के भक्तों ने अनेक रूप धारण कर भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शहर के नागरिकों द्वारा जगह- जगह बारात का स्वागत किया गया । वही शंकर भगवान की पूजा अर्चना व आरती करने और भोलेनाथ के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा भक्तों द्वारा की गई।





## 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

विद्युत प्रकरणों में दी जाएगी छूट

**उमरिया।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को किया गया है । नेशनल लोक अदालत में सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर प्री-लिटिगेशन स्तर पर ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेष जारी होने की तिथ से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राषि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख मात्र तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट उक्त छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 8 मार्च 2025 में समझौता करने के लिये ही लागू रहेगी।

## 27 फरवरी से हाई स्कूल की परीक्षा

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार हाई स्कूल की परीक्षाएं 27 फरवरी से प्रारंभ होगी । जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 27 फरवरी को हिंदी की परीक्षा, 28 फरवरी को उर्दू की परीक्षा, 1 मार्च को नेशनल स्कील्स क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 3 मार्च को अंग्रेजी की परीक्षा, 5 मार्च को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला वादन, कम्प्यूटर, 6 मार्च को संस्कृत, 10 मार्च को गणित , 13 मार्च को सामाजिक विज्ञान तथा 21 मार्च को विज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी ।

## कोल कर्मियों को अधिकारी बनने का मौका

**राजनगर।** कोल कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। कोल इंडिया अपने विभागीय कर्मचारियों को अधिकारी बनने का मौका दे रही है। इसके लिए विभागीय कर्मचारियों से गैर-कार्यकारी से कार्यकारी श्रेणी में पदोन्नति-चयन के लिए 16 विभिन्न संवर्ग के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। सक्षम व योग्य उम्मीदवार 26 फरवरी 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च 2025 है। वहीं कोल इंडिया के पात्र विभागीय कर्मचारियों के लिए कट-ऑफ की तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गयी है। कोल इंडिया ने जिन 16 संवर्ग से आवेदन मांगे हैं, उनमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार, पर्यावरण, उत्खनन, वित्त, हिंदी, कानूनी, विपणन और बिक्री, सामग्री प्रबंधन, कार्मिक, जनसंपर्क, सचिवालय, सुरक्षा, प्रणाली, सिविल व कंपनी सचिव आदि शामिल हैं। अनूपपुर जिले में देखा जाए तो साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की कोयला खदानें हैं, जिसमें जमुना - कोतमा एरिया, तथा हसदेव एरिया के अंतर्गत हजारों की संख्या में कोलकर्मी कार्यरत है। इसमें से योग्य कोल कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा।

# हिंद कोयला मजदूर सभा के संघर्ष से मिल मजदूरों को मिला न्याय

## मजदूरों के हक के लिए हमेशा संघर्ष जारी रहेगा श्रीकांत शुक्ला

**जमुना/बदरा।** विगत दिनों पूर्व कोयला मजदूर सभा(एचएमएस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला जी के नेतृत्व में 13 दिनों का भूख हड़ताल एवं क्रमिक अनशन किया गया था। उसके फलस्वरूप क्षेत्र में कार्यरत 132 लोडरों के एमजीबी, बेसिक में जोड़कर इस माह भुगतान किया जा रहा है। जिसकी लड़ाई विगत दो वर्षों से लगातार कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) श्रमसंघ द्वारा एरिया से लेकर बिलासपुर मुख्यालय तक लड़ाई लड़ा गया। जिसमें एसईसीएल के महामंत्री एवं जेबीसीसीआई सदस्य नाथूलाल पांडे के सहयोग लड़ाई क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला अपने साथियों को लेकर लड़े जिसका परिणाम जो काम असंभव, लोडर भाइयों को 2017 से एमजीबी को बेसिक में जोड़ने के उपरांत लोगों को अंडरग्राउंड अलाउंस वीडीए एसडीए और रिटायरमेंट के बाद पेंशन में काफी बढ़ोतरी होगी। श्री पांडे एवं शुक्ला ने कहा कि 2017 से रिटायरमेंट हुए लोगों के एरियर्स का एक- एक पैसा कर्मचारियों को दिलवाएंगे साथ ही उनके पेंशन रिवाइज भी एमजीबी जोड़ने के बाद पेंशन रिवाइज कराएंगे। यह लड़ाई जमुना कोतमा क्षेत्र के सभी श्रमिकों के बदौलत लड़ाई को जीता गया है जो मार्च का वेतन अप्रैल में भुगतान होगा उसमें सभी लोडरो का एक मुश्त एरियर्स का भुगतान कराया जाएगा। साथ ही जिन सर्वेयरों को 2011 एवं 2016 में बेसिक फिक्सेशन किया गया है, उसके एरियर्स भुगतान की लड़ाई लगातार जारी रहेगा।

## हंगामा कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोतमा।** थाना अंतर्गत जमगांव निवासी संतोष सिंह गोंड 30 वर्ष के द्वारा मंगलवार को घर में एवं घर के बाहर हो हल्ला मचाते हुए आने जाने वाले लोगों से विवाद कर रहा था। साथ ही गांव के लोगों से अभद्रता करते हुए मारने पर आमादा था। हंगामा की सूचना पर सहायक उप निरीक्षक बृजेश पांडे द्वारा गांव से आरोपी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी को तहसील न्यायालय मे पेश किया गया।

# ग्राम लोढ़ा में योजनाओं का ग्रामीणों को दिया जा रहा लाभ

उमरिया

विकासखण्डप करकेली ग्राम लोढ़ा में शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनों को उपलब्ध कराया जा रहा है । ग्राम लोढा की कुल जनसंख्या 5250 है । ग्राम पंचायत में कुल वार्डो की संख्या 20 है । ग्राम पंचायत का क्षेत्रफल 1469.49 है । ग्राम पंचायत के बैगा परिवारों की संख्या 1830 है । समग्र परिवारों की संख्या 1250 है । बीपीएल परिवारों की संख्या 502 है । एएवाय कार्ड धारक परिवारों की संख्या 285 है । प्राथमिक विद्यालय की संख्या 1, हायर सेकेण्डरी स्कूल की संख्या 1 है । साक्षरता का प्रतिशत 95.2 है जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 94.6 तथा पुरूषों का 95.8 है । उप स्वा0 केंद्र की संख्या 1 तथा प्राथमिक स्वा0 केंद्र की संख्या 1 तथा महिला स्वा सहायता समूह की संख्या 40 है ।

ग्राम लोढ़ा में जन जातीय कार्य विभाग व्दारा विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदाय किया जा रहा है जिसमें आहार अनुदान प्राप्त महिला मुखिया की संख्या 321, विद्युत कनेक्शन जनमन की संख्या 198, हर घर नल से जल की संख्या 198, बैगा परिवार हेतु पक्का आवास जन मन की संख्या 198 तथा जाति प्रमाण पत्र जन मन की संख्या, 1687 है । महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 292 हितग्राहियों को, लाडली लक्ष्मी योजना के 292 हितग्राहियों को, लाडली बहना योजना के 724 हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है । जिला आपूर्ति विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 148 हितग्राहियों को, जाति प्रमाण पत्र से प्राप्त राशन 92 हितग्राहियों को, राशन प्राप्त कर रहे 1086 हितग्राहियों को, ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के 446 हितग्राहियों को, प्रधानमंत्री जन मन आवास के 198 हितग्राहियों को, मनरेगा योजना से चल रहे कार्य में 52 हितग्राहियों को, 15वां एवं 5वे वित्त से चल रहे कार्य में 6 हितग्राहियों को तथा कपिलधारा योजना से 86 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है । लोक स्वा0 यांत्रिकीय विभाग अंतर्गत 33 हैंडपंप है । जल निगम अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत करनपुरा 1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत 824 घरों में कनेक्शन किए गए है । श्रम विभाग अंतर्गत संबल योजना से 797 पंजीयन, कर्मकार पंजीयन 403, अनुग्रह सहायता से लाभांवित हितग्राहियों की संख्या 12 है । स्वा0 विभाग अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्ड की संख्या 2612, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन मन की संख्या 1436, आयुष्मान कार्ड 70 प्लस की संख्या 152, सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत लक्ष्य 28 हजार के विरूध्द 3570 उपलब्धि , सिकल सेल पाजीटिव 4, सिकलसेल कैरियर की संख्या 26 है ।सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग व्दारा 367 हितग्राहियों को पेंशन का लाभ प्रदाय किया जा रहा है । राजस्व विभाग अंतर्गत 615 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि तथा 596 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री सम्मान निधि से लाभांवित किया जा रहा है । जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अंतर्गत स्वरोजगार योजना से 1 हितग्राही को लाभांवित किया गया है । ग्राम लोढा मे पांच हेक्टेयर भूमि औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु आवंटित की गई है । ग्राम पंचायत लोढा अंतर्गत ग्राम छोटी पाली मे कैलाश फूड प्रोडक्ट एवं मनीष फूड प्रोडक्ट हेतु निवेश अनुदान राशि का लाभ दिया गया है । विद्युत मंडल व्दारा 870 घरों में कनेक्शन किए गए है ।

# जिला जेल का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण






उमरिया

जिला जेल उमरिया का न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरफराज खां द्वारा निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बंदियों को विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई। बंदियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए आयात्मिक ज्ञान तथा ज्ञान पर्व का महत्व बताते हुए बी के निशा बहन, नीलम अग्रवाल, एस एल राय, प्रजापति ब्रम्हातकुमारी संस्था उमरिया व्दाकरा कार्यक्रम आयोजित कर बंदियों को अच्छाप व्यववहार, आचरण रखने की बात कही गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी के सारस, जेलर, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को, ड्यूटीरत प्रहरी तथा जेल में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जंगल सीमा से रेत उठा रहे ट्रेक्टर को रेंजर ने पकड़ा

**मानपुर।** विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्व विख्यात बांधवगढ टाइगर रिज़र्व नेशनल पार्क अंतर्गत मानपुर बफर जोन के दरैया नाला में अवैध तरीके से रेत निकासी कर रहे एक ट्रैक्टर टाली को मानपुर रेंजर ने जप्त किया गया है, खबर है कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि मानपुर बफर अंतर्गत मानपुर बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 348 में ट्रैक्टर टाली के माध्यम से क्षेत्र के कुछ अपराधी प्रवत्ति के अवैध रेत कारोबारियों द्वारा अवैध तरीके से रेत निकासी की जा रही है, खबर लगते ही देर रात करीब 11 बजे मानपुर बफर टीम सक्रिय हुई और रास्ता बदल कर अचानक मौके पर पहुंच गई, खबर है कि अवैध रेत निकासी के दौरान अपराधी प्रवत्ति के ट्रैक्टर मालिकों द्वारा जगह-जगह तिराहे चौराहों पर भाड़े के लोगों को बैठाया गया था, जिनके द्वारा रेंजर के निकलने की खबर तत्काल माफियाओं तक पहुंचा दी गई, वहीं रेंजर के आने की खबर सुन अवैध रेत कारोबारियों में भगदड़ मच गई, देखते हीं देखते रेंजर भी मौके पर पहुंच गए, जहां देखा की जंगल सीमा क्षेत्र के अंदर नाले में एक ट्रैक्टर टाली रेत लोड किए खड़ा हुआ है, जिसे कब्जे में लेने की कोशिश की गई। रेंजर की टीम ने ट्रैक्टर को जप्त कर रेंज कार्यालय में खड़ा कराया, जिस पर



भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर प्रकरण क्रमांक 10685/1 के तहत कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि जप्त ट्रैक्टर पावर ट्रैक 434 डीएस नीले रंग का है, जिसे जप्त कर परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा किया गया है।

**इनका कहना है...**

माफियाओं के बीच आधी रात पहुंच कर कार्यवाही करने में दिक्कत तो होती ही है, लेकिन हम अपनी तरफ से पूरी व्यवस्था में रहते हैं, ट्रैक्टर मालिक का नाम खंगाला जा रहा है, जल्द ही सबकुछ सामने होगा, साथ ही अभी और भी बाकी है, जिन्हे चिन्हित कर लिया गया है, हमारी कार्यवाही जारी रहेगी।

**मुकेश कुमार अहिरवार**
वनपरिक्षेत्र अधिकारी, मानपुर

## देवी-देवता, वानर-भालू, भूत-पिशाच बने बाराती

# महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात

**कोतमा।** नगर में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही नगर के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के ठाकुर बाबा धाम गौरी शंकर मंदिर शिव मंदिर शिव सागर धाम धर्मशाला मंदिर पंचायती मंदिर विकास नगर बनिया टोला शिशु भारती स्कूल के पास नवनिर्मित शंकर मंदिर लहसुई कैंप में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा भोलेनाथ की पूजन अर्चन करते नजर आए। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को अभिषेक करते हुए बेलपत्र धतूर सहित फल फूल अर्पित किए। सुबह से ही मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जयकारों की गूंज लगती रही। नगर के ठाकुर बाबा धाम सहित जगह-जगह शिव भक्तों के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था जिसका प्रसाद लेने के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी रही।

### निकली बारात

नगर के विद्युत मंडल कार्यालय स्थित गौरी शंकर मंदिर से शाम को शिव बारात बाजे गाजे के साथ निकल गई जो नगर की विभिन्न गलियों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर समापन किया गया। शिवजी आज दूल्हा बने हैं। देवी पार्वती से विवाह की तैयारी है। गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद,शरीर पर भस्म... अद्भुत छटा बिखेर रहा है भोलेनाथ का श्रृंगार हनुमानजी, देवी-देवता, बानर-भालू, भूत-पिशाच सब बाराती बनकर नाचते-गाते साथ चल पड़े हैं। पूरा माहौल शिव-पार्वती की भक्ति में लीन है। बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह से लबरेज है। यह दृश्य है नगर के गौरी शंकर मंदिर परिसर से निकली शिव बारात का महाशिवरात्रि पर मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। जिसमें भूत पिसाच बानर बाराती बनकर शामिल रहे। आकर्षक झांकी बनाई गई थी। दूसरी ओर, महिलाएं देवी पार्वती को सजा रही हैं। गाजे-बाजे और नाच-गान के साथ बारात आसपास के इलाकों से होती हुए फिर से मंदिर में पहुंचती है। वहां उसका जोरदार स्वागत-सत्कार होता है। रात में शुभ बेला में पारंपरिक गीतों के बीच भोलेनाथ और पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाता है।





### मंदिरों में बाबा का अभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु

महाशिवरात्रि पर नगर के मंदिरों में शिवभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई। भक्तों ने फूल-बेलपत्र आदि से पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना की। भगवान शिव जी का दूध, दही, घी, शक्कर और गंगा जल आदि से रुद्राभिषेक किया गया और फिर चंदन, कुमकुम, भष्म, भांग और फूल आदि से उनका अलौकिक श्रृंगार किया गया। गौरीशंकर मंदिर समिति के द्वारा बस स्टैंड में महाशिवरात्रि के अवसर पर जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाहर से आए कलाकारों के द्वारा मंच में ही जमकर भोलेनाथ की जयकारे लगाए। कलाकार गाने की धुन पर श्रोता मंत्र मुक्त होते हुए थी रखने लगे।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर में जगह-जगह शिवालयों में मानस पाठ का आयोजन किया गया था। नगर के विद्युत मंडल कार्यालय स्थित गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर मानस पाठ का आयोजन शुरू किया गया जो निरंतर 24 घंटे चलने के बाद गुरुवार को समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गौरी शंकर मंदिर से निकली शिवजी की बारात का स्वागत नगर में जगह-जगह किया गया लोगों ने पुष्प वर्षा भी की। तांडव नृत्य का आयोजन बाहर से आए कलाकारों के द्वारा नगर के मुख्य चैराहों पर किया गया। षिवजी के बारात मे नपाध्यक्ष अजय सराफ, पूर्व नपाध्यक्ष मोहिनी धर्मेन्द्र वर्मा, मुनेष्वर पाण्डेय, हनुमान गर्ग, प्रदीप उपाध्याय, थाना प्रभारी सुन्द्रेष सिंह मरावी सहित आमजन उपस्थित रहे।

## भालूमाड़ा पुलिस ने दस्तयाब किया गुम इंसान



**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा गुमइंसान क्रं. 19/25 दिनांक 20 फरवरी को फरियादिया भानमती आर्मो पति संतोष आर्मो निवासी तेंदूमूडा मरवाही (छ.ग.) की रिपोर्ट दर्ज करायी थी की उसकी लड़की काजल सिंह उम्र 18 वर्ष 8 माह की 13 फरवरी को रात्रि में अपने फूफा गुलाब सिंह निवासी भेडवाटोला के घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। गुमसुदा की पता तलाश की गई दौरान पता तलास गुमशुदा काजल सिंह को रायपुर छ.ग. से लाकर दस्तयाब किया गया जिसे दस्तयाब कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया ।

## मायके से ससुराल के लिए निकली महिला लापता

**कोतमा।** थाना अंतर्गत बोड़री गांव अपने मायके से ससुराल आमाडांड के लिए निकली 30 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है।महिला की मां राधिका 40 वर्ष पति राम चरण के द्वारा थाने में गुम होने की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी कायम करते हुए पता तलाश कर रही है। बताया जाता है मायके से ससुराल जाने के लिए मैजिक वाहन से गई थी जो की ससुराल नहीं पहुंची। दामाद से पूछने पर पता चला। दोनों पक्षों के द्वारा पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने पहुंची।

# क्षय रोग टी.बी. मुक्त अभियान का आयोजन



**कोतमा।** एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र द्वारा टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों एवं सभी छात्रों को क्षयरोग के प्रति जागरूक करना है। इसी के अंतर्गत सोमवार को केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी में निबंध प्रतियोगिता एवम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रभाकर राम त्रिपाठी महाप्रबंधक एसईसीएल तथा गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित कर क्षयरोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ने बताया कि सभी नागरिकों में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है। टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि जल्द ही चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। इस बीमारी का पूर्ण इलाज उपलब्ध है जिसके उपयोग से इससे मुक्त हो सकते हैं। मुख्य अतिथि ने इस विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य मनोज कुमार के निर्देशन में विद्यालय के सीसीए विभाग द्वारा किया गया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय में आयोजन

# विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की खेती एवं उनके उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औषधीय पौधों की खेती एवं उनके उपयोग का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का निरीक्षण प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी द्वारा किया गया।

डॉक्टर वाजपेई ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के माध्यम से अर्जित ज्ञान को स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का मार्गदर्शन दिया। डॉ व्ही के द्विवेदी ने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत समय-समय पर रोजगार भर्ती के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में आधुनिक समय में औषधीय पौधों को संरक्षित करने तथा ज्यादा मात्रा में औषधि उत्पाद प्राप्त करने के उद्देश्य से जड़ी बूटियों की व्यावसायिक खेती शुरू की गई है। पौधों की जड़ तने पत्तियां फूल फल बीज और यहां तक की छाल का उपयोग भी उपचार के लिए किया जाता है।

औषधीय पौधों की खेती की आज केपरिपेक्ष में अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वैश्विक और राष्ट्रीय बाजार की उपलब्धता अधिक उपज देने वाली किस्म की उपलब्धता कृषि प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता है। औषधीय फसलों की खेती से लाभ के अंतर्गत कम लागत एवं कम उपजाऊ और समस्या वाली मिट्टी में भी आसानी से उगाया जा सकता है घरेलू जानवरों तथा पक्षियों द्वारा फसल क्षतिग्रस्त की संभावना कम रहती है। औषधीय पौधों में कीट और रोग कम लगने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## खबर संक्षेप

### ढीमरखेड़ा में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में प्राचार्य रजनीश कुशवाहा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती और भगवान बिरसा मुंडा पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रा रेशमा पटेल ने सरस्वती वंदना और लक्ष्मी कुम्हार ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उद्देश्य और जनजातीय नायकों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता प्रांतीय सदस्य वनवासी विकास परिषद दमयंती ठाकुर ने कहा कि संस्कृति का विकास वनों से ही हुआ।हमारे पौराणिक ग्रंथ भी वनों में ही लिखे गए हैं। ब्रिटिश हुकूमत से संघर्ष करने वाले जननायकों में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, भीमा नायक,रघुनाथ शाह,शंकर शाह, रानी दुर्गावती आदि जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान पर अपने विचार रखें। जन भागीदारी अध्यक्ष एड.अटल बिहारी वाजपेई ने आदिवासियों के विकास हेतु शासन की चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय में आदिवासी जननायकों से संबंधित प्रियदर्शनी भी लगाई गई। जिसका अवलोकन अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।इस मौके संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. विशाल बन्ने,प्राचार्य रजनीश कुशवाहा,डॉ. श्वेता बघेल,स्मिता परसाई,नूतन केवट,पुष्पेंद्र लोधी, युवराज तिवारी,जितेंद्र, मनीष झारिया के अलावा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।


### भारी वाहनों के प्रवेश पर एसडीएम ने लगाया प्रतिबंध

**कटनी।** एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने अमकुही इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ भारी वाहनों के आवागमन पर 13 घंटे का प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध हर दिन लागू रहेगा। प्रबंधक आदेश जारी करते हुए कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय कटनी एवं लोक सेवा केन्द्र शहरी एवं ग्रामीण कटनी में अत्यधिक संख्या में आम जनता का शासकीय कार्य से आगमन होता है। आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये एवं उक्त मार्ग में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये रजिस्ट्रार कार्यालय से होते हुये औद्योगिक क्षेत्र अमकुही की ओर आने-जाने वाले भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिये वर्जित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से क्रियाशील हो चुका है।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन

**कटनी।** शासन के जनजातीय कार्य विभाग तथा कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश एवं सह सचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल के अंतर्गत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 सायं 5 बजे तक है। प्रवेश पत्र 12 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। परीक्षा जिला एवं विकासखंड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालयों में आयोजित होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियां, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ समुदाय (डीएनटी,एनटी, एसएनटी) के अलावा वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, उग्रवाद, कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# पूर्णाहुति, महाप्रसाद, भंडारे के साथ यज्ञ महोत्सव पूर्ण हुआ महायज्ञ



चिनौरी शहडोल

सार्वजनिक श्री राम कथा यज्ञ महोत्सव भक्त हनुमत धाम नेमुहा के संयोजक ने बताया कि 15 फरवरी से 26 फरवरी तक चले इस संगीतमय बाल्मीकि रामायण का आयोजन हनुमत धाम नेमुहा में कलश यात्रा स्थापना, शोभा यात्रा,मंडप व्यास पूजन से लेकर शिव सती, शिव पार्वती विवाह, राम जन्म महोत्सव, राम जानकी विवाह, वन गमन केवट चरित्र, भरत प्रेम, राज्याभिषेक ,हनुमान चालीसा, हवन, चढ़ोत्तरी, पूर्णाहुति, महाप्रसाद, भंडारे के साथ यज्ञ महोत्सव पूर्ण हुआ कथा नित्य अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ होती थीप्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से पधारे व्यास पीठश्री बाल कृष्ण पांडेय जी महाराज पट्टी दिलीपपुर के मुखारविंद से ग्रामीण जनों,श्रोता मनमुग्ध हो जाते थे,संगीतमय बाल्मीकि रामायण में महाराज जी का संपूर्ण दल अति सुन्दर रूप से लय मय से श्रोताओं का मन मुग्ध हो जाता,उक्त मनमोहक कथा यज्ञ महोत्सव में सभी सहयोगियों ने अपना पूर्ण योगदान दिया संयोजक कथा यज्ञ महोत्सव ने बताया कि हमारे सभी ग्रामीण जन,समिति हनुमत धाम नेमुहा के सभी सदस्य,एवं कथा श्रवण कर रहे जजमान जन, प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष रूप में कार्य सहयोगी जन,सभी का सहयोग अकल्पनीय रहा जिससे यह कार्य पूर्ण हुआ संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया

## उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन, छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव,वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु आजादी के 75 साल पूरे होने के बाद प्रतिवर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जा रहा है। सोमवार को उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख वक्ता अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रांत संयोजक सोहन सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनजातीय समाज ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ कई विद्रोह किए।जिनमें तिलका मांझी से लेकर बिरसा मुंडा जैसे जननायकों की अहम भूमिका रही। जिन्होंने अंग्रेजों की नीतियों का विरोध किया और जल,जंगल,जमीन की लड़ाई भी लड़ी।उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की सभी समस्याओं का समाधान जनजातीय परंपराओं में निहित हैं। आज की युवा पीढ़ी को जनजातीय जननायकों के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। ताकि उनके द्वारा किये गए संघर्षों को भुलाया न जा सके। वीर आदिवासी जननायकों ने तीर कमान की दम पर बंदूकधारी अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया।उनकी वीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तोप बंदूक होने के बावजूद भी अंग्रेज जननायकों से थर थर कांपते थे। आजादी के दीवाने आदिवासियों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते कुर्बानी दी।इतिहास में देश की आजादी के लिए पहली क्रांति का जिक्र 1857 में मिलता है। लेकिन देश की आजादी के लिए जनजातीय वीर जननायकों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका और अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे।इतिहास में इसका भी जिक्र किया जाना चाहिए था। सोहन सिंह ने कहा कि अंग्रेज़ों ने अपने शासन काल में आदिवासियों को भूमिहीन कर बंधुआ मज़दूर बना दिया।वन उपज पर रोक लगाकर जनजातियों की आजीविका खत्म कर दिया। जिसके बाद जनजातीय वीर जननायकों ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह किया।

# पीएम जन आवास, सिकल सेल हेल्थ कैंप लाभार्थियों से आज राज्यपाल करेंगे संवाद

बिरसिहपुर पालीः

उमरिया प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगूभाई पटेल एक दिवसीय भ्रमण पर 27 फरवरी को उमरिया आएंगे। माननीय राज्यपाल हेलीकाप्टर व्दारा दादर सिहुडी जिला कटनी से प्रातः 11.35 बजे प्रस्थान कर 11.40 बजे भरौला हेलीपैड पहुंचेगे , जहां से कार व्दारा दोपहर 12.05 बजे ग्राम लोढ़ा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.20 बजे ग्राम लोढा में पीएम जन आवास, सिकल सेल हेल्थ कैंप तथा लाभार्थियों से संवाद तथा भोजन करेगे । माननीय राज्यपाल कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात दोपहर 2.30 बजे भरौला हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे जहां से 2.50 बजे भरौला हेलीपैड से डुमना एयरपोर्ट जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर ने माननीय



राज्यपाल के उमरिया भ्रमण के तैयारियों की समीक्षा की राज्यपाल के भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कार्यक्रम स्थल भरौला एवं लोढ़ा का भ्रमण किया तथा ग्राम पंचायत कार्यालय लोढ़ा में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व. सौंपते हुए तैयारियों के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अब तक की गई तैयारियों तथा शेष तैयारियों की समीक्षा की। सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी तैयार करनें के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीओपी नागेन्द्र सिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपखंड मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, अधिकारी, कर्मचारियों की लगाई गई ड्युटी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपखंड मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट , अधिकारी, कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है। संपूर्ण कार्यक्रम के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह को नोडल अधिकारी, संपूर्ण कानून व्यवस्था के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट बांधवगढ रीता डेहरिया को नोडल अधिकारी, कार्यक्रम स्थल ग्राम लोढा में जन मन आवास एवं हितग्राहियों से चर्चा स्थल के लिए प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील चंदिया कर्तव्य अग्रवाल तथा आदिवासी कला केंद्र के लोकार्पण स्थल के लिए नायब तहसीलदार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कौशल सिंह को उत्तरदायित्व सौंपा गया है। सभी कार्यपालिक दंडाधिकारी अपने कार्यपालिक दंडाधिकारी बैच सहित अपने सौपे गये कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहकर कर्तव्य निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

## 3 साल से ज्यादा का समय बीता, पाइप लाइन का विस्तार हुआ न ही घरों में नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जल जीवन मिशन के कार्यों में पीएचई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है।ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत हरदी में मिशन के तहत हो रहे निर्माण कार्य धीमी गति से चलने की वजह से ग्रामीणों को सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण गुणवत्ताहीन कार्य कराया जा रहा है। गांव में अब तक योजना के तहत पूरा कार्य नहीं किया गया है। पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में भी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क खुदाई ने भी ग्रामीणों की परेशानी को दोगुना कर दिया है। खास बात यह है कि योजना के तहत गांव में काम होते तीन साल से अधिक का समय बीत गया है, लेकिन ग्रामीणों के घरों में अब तक नल का पानी नहीं पहुँचा हैं।

जानकारी के मुताबिक गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव गांव पानी की टंकी और पाइपलाइन विस्तार सहित लोगों के घरों में नल कनेक्शन का कार्य कराया जा रहा है।हरदी में भी एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि से जल जीवन मिशन योजना का काम हो रहा है। टेंडर होने के बाद विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से काम शुरू कराया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की देखरेख पीएचई विभाग की निगरानी में होना है। लेकिन पीएचई विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत से हरदी गांव में जल जीवन मिशन योजना का कार्य गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है।

# निरोगी काया अभियान के तहत नागरिकों की होगी निशुल्क स्क्रीनिंग, किया जाएगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए जिले में निरोगी काया अभियान का आयोजन आगामी 31 मार्च तक किया जा रहा है। इस विशेष अभियान में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग की जाएगी तथा पीड़ति पाए जाने पर निःशुल्क उपचार दिया जाएगा।

अभियान हेतु लक्षित शत - प्रतिशत नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए गए है। अभियान के शत - प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य, जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा संस्थाओं और फील्ड पर जाकर समीक्षा की जा रही है। अभियान के तहत असंचारी रोग स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हितग्राहियों की जांच और उपचार की रिपोर्ट एन सी डी पोर्टल में दर्ज की जा रही है। रोगों की पहचान होने पर त्वरित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों अथवा जिला चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ किया जाएगा। नए मरीजों की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सीबैक फार्म में जानकारी इकट्ठे की जा रही है। सीबैक फार्म से प्राप्त जानकारी के आधार पर असंचारी रोग स्क्रीनिंग एवं पंजीयन किया जाएगा। निरोगी काया अभियान के दौरान स्क्रीनिंग के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न बीमारियों के लक्षण, इससे बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही लोगों को संतुलित आहार, बेहतर खानपान, नियमित योग, प्राणायाम तथा व्यायाम करने की सलाह भी दी जाएगी। डायबिटीज, उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर बीमारियां मानी जाती हैं। इसलिए इनकी नियमित जांच बेहद जरूरी है। इस अभियान में नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग को भी शामिल किया गया है। परिवार के सदस्यों में पूर्व में इन बीमारियों के होने पर अपनी जांच अवश्य करवाई जानी चाहिए। अभियान के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण, लॉजिस्टिक एवं दवाइयां उपलब्ध करा दी गई है। मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान की जानकारी देकर लोगों की जांच करवाई जा रही है।

## रासेयो का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर शुरू

# रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश, होंगी विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में प्रारंभ हुआ। उदघाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. एस. धुर्वे, ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच, सचिव एवं उपस्थित गांव के अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा बैच लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवक सात दिन तक श्रमदान, साफ सफाई, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर समाज सेवा का कार्य करेंगे, डॉ एस एस धुर्वे द्वारा एन.एस.एस. को स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता के विकाश में भी सहायक बताया। प्रियंका तोमर ने स्वयंसेवकों को शिविर दिनचर्या के बारे में बताकर सौंपे गए दायित्वों का समय सीमा में निर्वहन के लिए प्रेरित किया, प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों से प्राप्त जानकारियों को अपने दैनिक जीवन में लागू कर समाज के साथ देश के विकास में सहभागी बनने की अपील की। साथ ही स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों द्वारा नारो एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी देकर लोगों को अपने अपने घरों के आस पास सफाई रखने के साथ पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## बुलेट प्रूफ वाहन, हेलीपैड की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं करने सौंपे दायित्व

# 27 को कोठी आएंगे राज्यपाल, चाक चौबंद व्यवस्थाओं के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी


प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल 27 फरवरी को सुबह 9:30 बजे कटनी जिले के ग्राम कोठी तहसील ढीमरखेड़ा में भ्रमण कार्यक्रम निधारित है। कार्यक्रम की चाक-चौबंद व्यवस्था हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा जिले के विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कटनी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहेंगें। जबकि ग्राम कोठी पर व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा रहेंगें।

### अधिकारियों को सौंपे दायित्व

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया को हेलीपैड स्थल पर कारकेड वाहन की व्यवस्था, बुलेट प्रूफ वाहन, हेलीपैड की सुरक्षा व्यवस्था एवं विशिष्ट गुणों और आतंकियों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गयी। जबकि नगर पालिक निगम कटनी के आयुक्त नीलेश दुबे को हेलीपेड स्थल ग्राम दादर सिहुड़ी एवं ग्राम कोठी में संपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम दौरान फायर बिग्रेड उपलब्ध कराने, हेलीपेड स्थल एवं ग्राम कोठी में चलित शौचालय की व्यवस्था कराने एवं हेलीपेड स्थल ग्राम दादर सिहुड़ी में साफ-सफाई की व्यवस्था कराने का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह को हेलीपेड निर्माण एवं वेरिकेटिंग की व्यवस्था करने, हेलीपेड स्थल एवं ग्राम कोठी में ग्रीन, सेफ हाउस, शौचालय एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था करने, हेलीपेड स्थल से ग्राम कोठी तक पहुंच मार्ग की मरम्मत कार्य व्यवस्था करने, हेलीपेड स्थल पर हेतु वॉटर प्रूफ पंडाल व्यवस्था करने, पार्किंग पहुंच मार्ग एवं वाहन टर्निंग प्वाइंट समतलीकरण व्यवस्था करने एवं वन मण्डलाअधिकारी से समन्वय स्थापित कर बांस बल्ली की व्यवस्था करने को कार्य सौंपा गया।

इसी तरह प्रदीप मिश्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी और बी.के. मिश्रा तहसीलदार कटनी नगर को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वी.आई.पी वाहन एवं कारकेड वाहन की व्यवस्था करने, सर्किट रेस्ट हाउस के कमरों की आरक्षण व्यवस्था करने, समस्त सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम से अवगत कराने एवं सत्कार संबंधी संपूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। जबकि विंकी सिंहमारे उईके अनुविभागीय दण्डाधिकारी ढीमरखेड़ा,यजुवेंद्र कोरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और आशीष अग्रवाल तहसीलदार ढीमरखेड़ा को संपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आवश्यक व्यवस्था करने, ज्ञापन एवं आवेदन एकत्रित करने हेतु पटवारी को नियुक्त करने, पार्किंग स्थल पर क्रेन की व्यवस्था कराने तथा ग्राम कोठी अंतर्गत निर्माणाधीन पी.एम. आवास पर गृह प्रवेश कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गयी। वहीं ज्योति लिल्हारे जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आमंत्रण पत्र एवं फ्लेक्स, बैनर की व्यवस्था करने, पी.एम. जनमन कार्यक्रम संबंधी जानकारी तैयार करने एवं कार्यक्रम का फोल्डर तैयार कर विशिष्टगण, अतिथियों को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जबकि नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को ग्राम कोठी अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन निरीक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करने तथा जी.एस. खटीक कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को ग्राम कोठी अंतर्गत निर्माणाधीन बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन निरीक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

कालू सिंह डामोर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को हेलीपैड स्थल पर वेरिकेटिंग हेतु कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर जाली प्रदाय करने, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी एवं ओमप्रकाश साहू को व्ही.आई.पी. एवं क्रू मेंबर के भोजन, स्वल्पाहार के नमूने परीक्षण करने निर्देश दिए हैं



# माइक्रोबीट प्रणाली की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने थाना एनकेजे में समस्त थाना स्टाफ को माइक्रोबीट प्रणाली के संबंध विस्तार से जानकारी प्रदान की। एसपी रंजन ने एनकेजे में पुलिस मुख्यालय की महत्वाकांक्षी योजना माइको बीट प्रणाली के बारे में समस्त स्टाफ को बारीकी से जानकारी देते हुये जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे निरीक्षक से लेकर आरक्षक स्तर के कर्मचारी की जवाबदेही के संबंध में बताया गया। इसके साथ ही एसपी श्रीरंजन के द्वारा थाना स्तर पर पदस्थ निरीक्षक से लेकर आरक्षक तक अधिक से अधिक स्टाफ को जमीनी स्तर पर उतर कर माइको बीट प्रणाली के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई कार्यशाला में थाना प्रभारी उप.निरी. अनिल यादव, सउनि मनोज कुड़ापे, प्र.आर. प्रमोद सिंह ठाकुर, प्र.आर. आरिफ हुसैन, प्र.आर. शैलेष दमोहिया, प्र.आर. गणेश दत्त मिश्रा, प्र.आर. कोदू लाल पटेल, प्र.आर. रमेश सिंह, प्र.आर. राजेश सिंह परिहार, प्र.आर. राजेश चौधरी, आर. राजेन्द्र पटेल, आर. नरेन्द्र सिंह टेकाम व अन्य थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

# नमो नमो जय शंकरा के जयघोष से गुंजायमान हुआ जिला



## अमरकंटक में आयोजित 5 दिवसीय मेला का सांसद ने किया शुभारंभ, मां नर्मदा व भगवान शंकर की भक्तों ने की उपासना मेले में विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी लगाकर किया शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार

मां नर्मदा के उद्गम क्षेत्र पवित्र नगरी अमरकंटक में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सर्किट हाउस के पीछे स्थित मेला ग्राउंड अमरकंटक में आयोजित पांच दिवसीय मेला का शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जो व्यक्ति प्रयागराज मां गंगा के तट पर नहीं जा पाए वह व्यक्ति भी आज अमृत स्नान का पुण्य पवित्र नगरी अमरकंटक में प्राप्त कर रहे हैं।

अनूपपुर।





इस अवसर पर विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम पुष्पराजगढ़ महिपाल सिंह गुर्जर, नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उइके, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, तहसीलदार गौरीशंकर शर्मा, नायब तहसीलदार कौशलेन्द्र मिश्रा, उपयंत्री बृजेश पाण्डेय, अंबिका तिवारी, राम गोपाल द्विवेदी, श्रवण उपाध्याय सहित नगर परिषद अमरकंटक के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी ,पत्रकार तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु व दर्शनार्थी उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा उद्गम मंदिर में मां नर्मदा व भगवान शिव शंकर की भक्ति में लीन श्रृद्धालू उपासना करते देखे गए। बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने बम-बम भोले, हर-हर नर्मदे, ओम नमः शिवाय का जप किया। देवालयों में लोग पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक व जप करते देखे गए। मां नर्मदा उद्गम मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने उद्गम मंदिर में मां नर्मदा व भगवान शंकर के देवालयों में मत्था टेका तथा भक्ति में लीन नजर आये। नर्मदा तट में श्रद्धालुओं ने स्नान किया तथा भोलेनाथ की पिंडी में जल का अर्पण किया। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अमरकंटक में स्थित आश्रमों ने भंडारा तथा जगह-जगह भक्तों ने प्रसाद का वितरण किया।

### नर्मदा तट में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नर्मदा तट स्थित रामघाट सहित अन्य सरोवरों में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई तथा भगवान शिव एवं मां नर्मदा को याद करते हुए जल अर्पण किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मेला ग्राउंड अमरकंटक में आयोजित महाशिवरात्रि मेले का कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने भ्रमण कर जायजा लिया गया उन्होंने साफ सफाई तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

### रुद्राभिषेक का विशेष महत्व

महाशिवरात्रि विशेष कर बाबा भोलेनाथ का त्यौहार है। धार्मिक मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती का विवाह हुआ था और इस दिन पूरे दिन बारात में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है पवित्र नगरी अमरकंटक में प्रमुख रूप से मा श्री नर्मदा का मंदिर परिसर है जहां पर अमरकंटक महादेव विराजमान है एवं नर्मदा मंदिर परिसर में 11 रूद्र महादेव मंदिर का भी विशेष महत्व है जहां पर प्रतिदिन किसी न किसी भक्त के द्वारा और विद्वान पुजारी के द्वारा रुद्राभिषेक किया जाता है परंतु शिवरात्रि के पावन पर्व पर विद्वान पुजारी के द्वारा पूरे नगर के प्रत्येक शिव मंदिर एवं प्रमुख आश्रमों में जहां पर भी शिवालय हैं वहां पर पूरे दिन एवं पूरे रात्रि में विशेष रुद्राभिषेक होगा जिसमें प्रमुख रूप से मां श्री नर्मदा मंदिर परिसर में श्री कल्याण सेवा आश्रम चंद्रमौलेश्वर भगवान में श्री मार्कंडेय आश्रम में



मारकंडेश्वर महादेव जलेश्वर महादेव अमरेश्वर महादेव एवं अन्य छोटे बड़े जो आश्रम है वहां पर प्रकांड विद्वानों के द्वारा विशेष रुद्राभिषेक किया जा रहा है जिसमें रात्रि के पहर में अति विशेष रुद्राभिषेक किया जाएगा।

### अमरकंटक में महाशिवरात्रि का महत्व

मां नर्मदा को शंकरी अर्थात भगवान शंकर की पुत्री कहा जाता है। अन्य नदियों से विपरीत नर्मदा से निकले हुए पत्थरों को शिव का रूप माना जाता है, ये स्वयं प्राण प्रतिष्ठित होते हैं अर्थात नर्मदा के पत्थरों को प्राण प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता नहीं होती है, इसी कारण देश में ही नही विदेशों में भी नर्मदा से निकले हुए पत्थरों की शिवलिंग के रुप में सर्वाधित मान्यता है, जिसके कारण अमरकंटक में महाशिवरात्रि का बड़ा महत्व है। मेले में जहां एक ओर हस्तशिल्प तथा खिलौने तथा विभागीय स्टाल लगाए गए थे। वहीं दूसरी ओर कपड़े, बर्तन, क्राकरी के बर्तन तथा फल, मिष्ठान, पूजन सामग्री, मनिहारी की सामग्री सहित विविध सामग्रियों की दुकानें सजाई गई हैं।

### किया गया प्रदर्शनी सह शिविर का आयोजन

अमरकंटक में आयोजित महाशिवरात्रि मेला स्थल पर शासकीय विभागों पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल, कृषि विभाग, जनजाति कार्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रदर्शनी सह शिविर आयोजित किया गया था। जिसका सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक श्री फुन्देलाल सिंह सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों व नागरिकों ने अवलोकन किया। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने नागरिकों तथा बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### मधुमक्खी के काटने से वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत, युवक गंभीर रूप से घायल



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत पिपरिया गांव में मोड़ के पास केल्हौरी गांव से कांसा गाव रिश्तेदारी में जा रही 58 वर्षीय वृद्ध महिला सिया बाई चैधरी पति गोजवा चैधरी पर एवं मोटरसाइकिल चालक जितेंद्र चर्मकार पिता कमलेश पर अचानक एक पेड़ से उड़ कर आई मधुमक्खियो के समूह ने हमला कर दिया जिससे सिया बाई चैधरी की अस्पताल अनूपपुर मे उपचार दौरान मृत्यु हो गई जबकि जितेंद्र चर्मकार निवासी कांसा को भी शरीर के कई हिस्सों में मधुमक्खियो के समूह द्वारा काटे जाने पर गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार हेतु भर्ती किया गया है ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में मृतिका के शव का पंचनामा कर पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया।

### बोलेरो पलटने से युवक की दर्दनाक मौत

**कोतमा।** क्षेत्र में सड़क हादसे में कोई कमी नहीं आ रही है।बुधवार महाशिवरात्रि के दिन फिर एक बोलेरों पलटने से हुए सड़क हादसे के बाद चालक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वाहन में सवार छोटे भाई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार को लामा टोला निवासी वेद प्रकाश पटेल 21 वर्ष पिता विनोद पटेल जो अपनी नई बोलेरो की पूजा कराने से पूर्व धोने की तैयारी कर रहा था और दूसरे टोला शैंपू के लिए घर से निकला था। वापस आने के दौरान मुरधवा टोला के पास अनियंत्रित गति होने से मोड में पलट गई। दुर्घटना होने के बाद आसपास के रहवासियों द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया जहां वेदप्रकाश 21 वर्ष की उपचार के दौरान मौत हो गई। डॉक्टर के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट सहित पीठ की हड्डी टूटने व शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट आई थी। दूसरे घायल 14 वर्षीय छोटे भाई को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जिसका उपचार जारी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। एक माह पूर्व नई बोलेरो लाई गई थी जो कि बुधवार शिवरात्रि होने के कारण पूजा होनी थी जिसको लेकर वेद प्रकाश अपने छोटे भाई के साथ शैंपू लेने गया और उक्त दर्दनाक हादसा हो गया विदित रहे कि कोतमा थाना अंतर्गत हर तीन दिनों के अंतराल में गंभीर सड़क हादसे की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### डूब क्षेत्र में निर्माण कार्यों में लगाई गई रोक को हटाया जाये

**डिंडौरी-** जनपद पंचायत मेहंदवानी के अंतर्गत ग्राम कुटरई माल में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य कराने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन पत्र ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को दिया गया है। ग्रामवासियों ने आवेदन में लेख किया है कि कार्यालय कलेक्टर भू-अर्जन शाखा द्वारा 05 जुलाई 2024 के जारी आदेश में अपर नर्मदा परियोजना बसनिया अंतर्गत डूब से प्रभावित ग्रामो में भूमियों के संब्यवहार एवं सरंचना निर्माण पर रोक लगा दी गई थी। हमारा ग्राम नीचे कुटरई माल बैगा जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम है। यहां कुल परिवार 102 निवासरत है और कुल जनसंख्या 377 हैं।

# पुष्पराजगढ़ में सामूहिक विवाह समारोह में 351 जोड़े हुये एक दूजे के

## मंत्री, सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने नव दंपत्तियों को दी बधाई





### वैवाहिक जोड़ों को गृहस्थी स्थापना के लिए प्रदान किए गए 49 हजार के चेक

अनूपपुर।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निःशक्त, निर्धन और कमजोर परिवारों की सहायता के लिए आम लोगों की भावना और उनकी भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 26 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के खेल मैदान, बिजली ऑफिस के पास राजेन्द्रग्राम में किया गया। जिसमें 351 नव दम्पत्ति परिणय सूत्र में आबद्ध हुए। मांगलिक परिणय बेला पर जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के स्व सहायता भवन से दुल्हो की बारात निकाली गई जिसकी अगुवाई जनप्रतिनिधियों ने की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम पुष्पराजगढ़ महिपाल सिंह गुर्जर, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व विधायक सुदामा सिंह सिंग्राम जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश सिंह, उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह, जिला पंचायत के सदस्य नर्मदा सिंह दरोगा सिंह श्रीमती यशोदा सिंह श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह सहित जनपद सदस्य गण जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पाण्डेय सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय के निर्वाचित पदाधिकारी, पार्षदगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण तथा जनपद पंचायत के अधिकारी- कर्मचारी ग्राम पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच सचिव, रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की डबल इंजन की सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है। किसानों की समृद्धि के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों, ग्रामीण नागरिक, वृद्ध, युवा तथा महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा लोक कल्याणकारी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा पात्र परिवारों के लिए संचालित वैवाहिक कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने नव दम्पत्तियों को दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विधायक फुन्देलाल सिंह ने सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित वर-वधु पक्ष के लोगों तथा नव दम्पत्तियों को शुभकामनाएं दी तथा नव दम्पत्तियों को बेहतर जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर वर पक्ष के लोगों का द्वारचार में भव्य स्वागत किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधिगण दोनो पक्षों से शामिल रहे। इस अवसर पर आतिशबाजी की गई। बैण्ड बाजे की धुन पर वर-वधु पक्ष के साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधि भी जमकर थिरके। वैवाहिक अवसर पर पेयजल, भोजन आदि की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। वैवाहिक सामग्रियां सजाई गई थीं। वैवाहिक कार्यक्रम हिन्दू रीति रिवाज के विधिविधान से मंत्रोच्चार कर सात फेरों के साथ पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नव दम्पत्तियों को उपहार स्वरूप मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 49 हजार का चेक प्रदान किया।

# जिला मुख्यालय में एफआरएस के खिलाफ किया गया प्रदर्शन

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सुपरवाइजर बनाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**अनूपपुर।** 25 फरवरी को अंजली श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कामरेड लीला बांधव कामरेड जयंती मार्को कामरेड उर्मिला पाव कामरेड उर्मला विश्वकर्मा कामरेड संगीता मरावी कामरेड यशोदा देवी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं सहायिका ने रैली निकालकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें माँग की गई कि हितग्राहियों का फोटो खींचकर मोबाइल में सेव करना है जो कठिन काम है कहीं नेटवर्क मिलता है कभी नहीं मिलता है पुराने मोबाइल है। सर्वर का डाउन रहना भी समस्या है एक और महत्वपूर्ण माँग कामरेडों ने उठाया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सुपरवाइजर के पद पर विभागीय परीक्षा उपरांत पदोन्नत के लिए उम्र की सीमा खत्म की जाए कामरेड जनक राठौर एडवोकेट भी सहयोग के लिए ज्ञापन देते समय मौजूद थे कामरेड अंजलि श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी माँगे नहीं मानी गई तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किए जाएंगे।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार, इलाज की जरूरत बदहाल, व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सौंपा ज्ञापन

कोतमा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पहली अव्यवस्था एवं डॉक्टर की कमी को दूर करने को लेकर मंगलवार को नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपते हुए लेख किया है कि कोतमा अस्पताल कहने को तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है और इस क्षेत्र की जीवनदायनी है लेकिन सुविधाओं के नाम पर महज दिखावा साबित हो रहा है। वर्षो से अस्पताल में डॉक्टर के पद रिक्त हैं आज तक उनकी पूर्ति शासन के द्वारा नहीं की गई है साथ ही खून जांच के नाम पर बड़ी-बड़ी मशीन भी है लेकिन नाम मात्र के लिए ही खून जांच किया जाता है बाकी जांचों के लिए मरीज को प्राइवेट पैथोलॉजी में मजबूरी में जाना पड़ता है । कई उपकरण ऐसे हैं जो शासन के द्वारा दिए तो गए हैं लेकिन उसका उपयोग ही नहीं किया जाता है। छोटी-छोटी बीमारियों के लिए अस्पताल से उन्हें बाहर रेफर कर दिया जाता है जिससे यहां के नागरिकों एवं ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत लगभग डेढ़ लाख की आबादी आती है जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में इलाज के लिए निर्भर हैं । यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और गरीब मध्यम वर्ग की टपके के लोग इलाज



करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा आते हैं लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला विषय विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पुरुष डॉक्टर की भी कमी से यह क्षेत्र जूझ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है जिसके कारण यदि गंभीर मरीज को बाहर रेफर किया जाता है तो घंटा इंतजार करने के बाद एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो पाती है कभी-कभी तो एंबुलेंस के अभाव में मरीज की जान भी चली जाती है। शासन के द्वारा जो दवाइयां भेजी जाती है वह भी सही ढंग से मरीजों को नहीं मिल पाती है जिसके कारण मरीज को बाहर से दवाई खरीदना पड़ता है। साफ सफाई का भी अभाव देखा जाता है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मचारी भी नियुक्त है उसके बाद भी अस्पताल सहित परिसर में गंदगी बनी रहती है। कायाकल्प योजना के तहत जो राशि शासन के द्वारा उपलब्ध करवाई गई वह भी समझ से परे है। किस जगह इस राज का उपयोग किया गया अस्पताल में व्यवस्थाओं के नाम पर मात्र खाना पूर्ति की जाती है। मौसम के हिसाब से जो उपकरण अस्पताल में होने चाहिए जैसे पंखे कूलर हीटर उनका भी सही ढंग से रख रखाव नहीं होने की वजह से बिगड़े पड़े हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में खाने को तो शासन के द्वारा सभी प्रकार के खून जांच की सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है और इसे सेंट्रल पैथोलॉजी का नाम भी दिया गया है लेकिन आज भी मरीज के सभी प्रकार के खून की जांच नहीं की जाती है मजबूरन उन्हें प्राइवेट पैथोलॉजी में खून जांच के लिए जाना पड़ रहा है। अस्पताल में कई उपकरण ऐसे हैं जो दो-तीन वर्षों से धूल खा रहे हैं विशेषज्ञ डॉक्टर के न होने के कारण सोनोग्राफी जैसी मशीन धूल कटी पड़ी हुई है। कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रेपर केन्द्र बनकर रह गया है । जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण यहां पर विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों की पद स्थापना शासन को की जानी चाहिए लेकिन वर्तमान में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ डॉक्टरों से काम चलाया जा रहा है जिसके कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करते हुए छोटी-छोटी बीमारियों के लिए बाहर इलाज के लिए जाना पड़ रहा है। नगर वासियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखते हुए नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंप कर यह मांग की है कि अगर 20 दिन के अंदर- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई तो हम सब भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे । ज्ञापन सौंपने वालों मे देवकरण सिंह पूर्व पार्षद, दीपक कुमार पटेल एडवोकेट जिला सचिव आम आदमी पार्टी, नोहर सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक 11, नंदिनी द्विवेदी पूर्व पार्षद, ओमकार केवट, संतोष गुप्ता, करण काशी, दिनेश मिश्रा ,हामिद अली बोहरा समाजसेवी, रिंकू चैरसिया, देवशरण यादव, पवन साहू, अभिषेक त्रिपाठी, राजेश सेन एडवोकेट व समस्त नागरिक गण उपस्थित रहे।